प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

प्रधानमंत्री

देश में अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधार आज से लागू हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास की गाथा इन जी.एस.टी. सुधारों के साथ बदल जाएगी। उन्होंने इन सुधारों को जी.एस.टी. बचत उत्सव करार देते हुए कहा कि इससे युवा, मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को काफी लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के जी. एस.टी. सुधारों, बचत उत्सव और नवरात्र पर्व के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

*देश की वर्तमान ज़रूरतों और भविष्य के सपनों को देखते हुए जीएसटी के ये नए रिफॉर्म्स लगू हो रहे हैं। नए स्वरूप में मुख्य रूप से अब सिर्फ 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के ही टैक्स स्लैब रहेंगे। रोज़मर्रा के इस्तेमाल की ज्यादातर चीज़ें, खाने पीने का सामान, दवाईयां, स्वास्थ्य और जीवन बीमा ऐसे अनेकों सामान अनेकों सेवाएं या टैक्स फ्री होगी या फिर केवल 5 प्रतिशत टैक्स देना होगा।*

नवरात्र

शारदीय नवरात्रे आज से शुरू हो गए हैं। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। नवरात्र के प्रथम दिन आज देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

*आज से शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो गई है। सुबह से ही प्रदेश के शक्तिपीठों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासकर नैना देवी,चिंतपूर्णी,ज्वाला जी जैसे शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।बाहरी राज्यों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में मां के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिरों को रंग बिरंगे फूलों और लाइट से आकर्षक ढंग से सजाया गया है।बिलासपुर में मां नैना देवी मंदिर के कपाट रात 2 बजे ही श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। ऊना में मां चिंतपूर्णी मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे, कांगड़ा में मां ज्वालाजी, मां ब्रजेश्वरी और मां चामुंडा देवी मंदिर के कपाट सुबह 5 बजे खोले गए।इस दौरान मंदिरों में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस जवानों के साथ–साथ सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भी असामाजिक तत्वों की निगरानी की जा रही है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के अलग अलग स्वरूपों की 9 दिन विशेष पूजा–अर्चना की जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए मैं शिमला से योगराज शर्मा।*

स्वास्थ्य मंत्रालय – स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से आरंभ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पूरे देश में सफलतापूर्वक चल रहा है। इसके तहत दो अक्तूबर तक सभी जिला अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो और अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में शिविर लगाये जायेंगे। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि 20 सितम्बर तक देश भर में दो लाख 83 हजार से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर लगाये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश के 76 लाख से ज्यादा नागरिकों ने इस अभियान के लिए पंजीकरण करवाया है।

सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र पर चलते सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। इस विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम चर्चा करेंगे कि मोदी सरकार ने किस तरह लाखों लोगों का जीवन सुगम बनाने के लिए किफायती आवास व आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

जीएसटी सुधार पर अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में 40 रूपये तक सीमेंट के घटेंगे रेट, होटलों के कमरे सस्ते। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–आज से पनीर से लेकर कार तक सब सस्ते–संशोधित जीएसटी दरें लागू होने से आम आदमी की बचत बढ़ेगी।

————————